तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 25 फरवरी 2025

12 भगवान भक्त को वही देते हैं, जो उसके लिए श्रेष्ठकर होता है : पंडित...



11 पसौद में सबसे कम उम्र की सरपंच बनीं सिमरन





## खबर संक्षेप

### ग्राम आमटी मेला 26 को

**अंडा।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर तादुंला नदी घाट आमटी में 26 फरवरी को मेला का आयोजन किया गया है। चितरंजन साहू ने बताया कि इस अवसर पर रात्रि 10 बजे झन भूलो मां बाप ला छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी ग्राम मोखा पचपेड़ी जिला धमतरी वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

### ग्राम आलबरस में चंदैनी गोंदा सांस्कृतिक कार्यक्रम कल

**अंडा।** ग्राम आलबरस में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में 26 फरवरी को रात्रि 10 बजे खुमान साव कृत चंदैनी गोंदा ठेकवा राजनांदगांव वालों का कार्यक्रम रखा गया है। चिमन देशमुख ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन सुबह 4 बजे से 12 बजे दोपहर तक स्नान करने नदी में आते हैं। फिर शंकर पार्वती मंदिर में जाकर पूजा पाठ करते हैं।

### ग्राम भरदा (कोनारी) में विशेष पूजा आज, मेला-मड़ई कल



**अंडा।** दुर्ग विकासखंड अंतर्गत ग्राम भरदा (कोनारी) में प्रसिद्ध मेला का आयोजन महाशिवरात्रि मेला समिति द्वारा किया जा रहा है। यह मेले का 69 वाँ वर्ष है। यहां सन 1956 में भरदा, चंगोरी, अछोटी, आलबरस, रुदा, खाड़ा के ग्रामीणों ने मिलकर मेले की शुरुआत की थी। मोहन भारदीय ने बताया कि 25 फरवरी को सत्यनारायण व्रत कथा, हवन, पूजन व भगवान शिवनाथेश्वर का त्रिवेणी संगम (शिवनाथ, तांदुला, खरखरा) के जल से अभिषेक किया जाएगा। 26 फरवरी को मेला-मड़ई का आयोजन किया जाएगा। विशेष आरती में ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण, ताम्रध्वज साहू पूर्व गृहमंत्री, केशव बंटी हरमुख उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल एवं नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों में आशा विक्की मिश्रा व प्रिया साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। इस अवसर पर ग्राम भरदा में 26 फरवरी को छत्तीसगढ़ी नाच कार्यक्रम हमर छत्तीसगढ़ लोक कला मंच रोशन साहू कृत (नंदिनी अहिवारा) का कार्यक्रम रात 10 बजे से रखा गया है।

### हीरापुर में दो दिवसीय रामायण मेला आज से

**बालोद।** दो दिवसीय रामायण मेला का आयोजन ग्राम हीरापुर में 25 एवं 26 फरवरी को किया गया है। जहां पुरूष व महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 2501 रूपये, तृतीय पुरस्कार 2001 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 1501 रूपए रखा गया है। वहीं, पुरुष वर्ग में पंचम पुरस्कार 1301 रूपये व षष्टम पुरस्कार 1001 रूपये भी दिया जाएगा। साथ ही कई अन्य आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं।

परेशानी : जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही ने बढ़ाई किसानों की चिंता

# प्रशासन की पहल पर किसानों ने ली दलहन की फसल, शासन ने खरीदी से खींचा हाथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

धान के बदले फसल परिवर्तन के लिए प्रेरित करने के बाद किसानों ने 42 हजार हैक्टेयर से अधिक क्षेत्र में दलहन की फसल ली, लेकिन मामले में प्रशासन की बड़ी चूक सामने आई है। इस चूक के कारण प्रदेश सरकार ने रबी विपणन वर्ष 2025–26 में चना, मसूर, सरसों फसल का प्राईस सपोर्ट स्कीम योजनांतर्गत चयनित जिला की सूची में बालोद जिला का नाम सम्मिलित ही नहीं किया। माना जा रहा है कि जिम्मेदारों ने समय पर प्रदेश को जानकारी नहीं दी, जिससे सूची में जिला का नाम नहीं है।

हरिभूमि फॉलोअप

योजना अंतर्गत चयनित जिलों की सूची में बालोद जिला का नाम नहीं होने से जिले में इन फसलों का उपार्जन एवं भण्डारण नहीं हो सकेगा। प्रशासन की इस चूक का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ सकता है। हरिभूमि लगातार शासन प्रशासन का ध्यान इस दिशा में आकर्षित कर रहा है। पर प्रशासन का उदासीन व्यवहार ही अब तक नजर आ रहा है। छत्तीसगढ़ शासन कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 10 जनवरी 2025 को पत्र क्रमांक 166/एफ–11/21/2018/14–2 में जारी अधिसूचना में खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली एवं सोयाबीन तथा रबी विपणन वर्ष 2025–26 में चना, मसूर, सरसों का प्राईस सपोर्ट स्कीम योजनांतर्गत चयनित जिलों की सूची में बालोद जिला का नाम ही नहीं है। इस सूची में प्रदेश के 16 जिलों को सम्मिलित किया गया है। इस सूची के आधार पर यह परीलक्षित होता है कि जिला के जिम्मेदारों ने प्रदेश के आला अधिकारियों को सही जानकारी नहीं देकर किसानों के साथ अन्याय किया है। अब जिले में रबी फसल की खरीदी एवं भण्डारण कार्य किया जाना असंभव प्रतीत होता है।



परेशानी

दलहन-तिलहन इस सीजन में 9 हजार हेक्टेयर ज्यादा बोआई की

दलहन-तिलहन की बोआई पर अफसरों के बयान से किसान हैं बेहद परेशान

कृषि विभाग का दावा



जिला विपणन अधिकारी ने कहा जिले में नहीं ली जाती दलहन-तिलहन की फसल, खरीदी संभव नहीं

जिले के किसानों ने हजारों हेक्टेयर में ली दलहनी फसल, जिम्मेदार अधिकारी ने सिरे से नकारा

खरीदी के संबंध में नहीं मिला आदेश

### जिला विपणन अधिकारी के बयान के बाद सामने आया मामला

मामला जिला विपणन अधिकारी सौरभ भारद्वाज के एक बयान के बाद सामने आया। सौरभ भारद्वाज ने इस प्रतिनिधि से चर्चा के दौरान कहा था कि जिले में चना, अरहर की फसल ली ही नहीं जाती। जिला विपणन अधिकारी सौरभ भारद्वाज के कथन के बाद की गई छानबीन के बाद, उक्त जानकारी सामने आई जो किसानो के लिए चिंता बढ़ाने वाली है। मामले में पड़ताल के दौरान स्पष्ट हुआ कि जिले में 42 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में दलहन की खेती की जा रही है, लेकिन ऐसा लगता है कि जिम्मेदारों ने प्रदेश को इसका सही आंकड़ा ही नहीं दिया। इसके कारण बालोद जिले को रबी फसल के चना, सरसों आदि के उपार्जन करने के लिए सूची में नहीं रखा गया।

### पिछले साल औने-पौने में बेचना पड़ा था सुगंधित धान

बता दें कि बीते सालों में भी प्रशासन की पहल पर किसानों ने सुगंधित धान की फसल ली थी, लेकिन उस समय भी उन्हें उसका बाजार नहीं मिला और किसानों ने औने-पौने दाम पर स्थानीय मिलरों को अपना सुगंधित धान बेचा था।

### 10 जनवरी को जारी सूची में नहीं था जिले का नाम फिर भी बैठे रहे जिम्मेदार

यह विभाग की उदासीनता या लापरवाही ही मानी जाएगी कि जब प्रदेश सरकार ने 10 जनवरी 2025 को अधिसूचना जारी कर चयनित जिला के नामों का खुलासा कर दिया था, उसमें बालोद जिला का नाम नहीं था, फिर भी बालोद का नाम जोड़ने या बालोद में खरीदी की व्यवस्था करने की दिशा में कोई पहल नहीं की गई। अब जिला विपणन अधिकारी सौरभ भारद्वाज ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि सूची में नाम नहीं है, तो खरीदी नहीं हो सकती।

### फसल काटने का समय मार्केट तय नहीं

हरिभूमि लगातार मामले में किसानों की समस्या एवं उनकी चिंता से शासन प्रशासन को अवगत कराता रहा है, लेकिन अब तक प्रशासन द्वारा किसानों के हित में क्या पहल की जा रही है, यह स्पष्ट नहीं है। अब फसल काटे जाने की तैयार है, जल्द ही फसल बाजार में आ जाएगा, लेकिन किसान अपनी फसल कहां बेचेंगे, यह अब तक तय नहीं हो पाया है। इससे किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है। उनमें आक्रोश पनपने लगा है।

# झलमला घोठिया चौक पर रेत के कारण आए दिन हो रही दुर्घटनाएं



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले के झलमला घोठिया चौक स्थित मुख्य सड़क पर रेत आ जाने के कारण मार्ग पर आने जाने वाले वाहन चालक फिसलकर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि धमतरी-चारामा से रेत भरकर आ आने वाले हाईवा से गिरकर रेत सड़क पर जमा हो गई है। सड़क पर फैली रेत से हो रही दुर्घटना से लोगों की सुरक्षा सड़क किनारे की रेलिंग से हो रही है। फिसलकर गिरने के बाद वाहन सड़क से नीचे न जाकर रेलिंग से टकराकर रूक जाती है। रेलिंग नहीं होने की स्थिति में वाहनों के सड़क से नीचे जाकर पलटने की स्थिति पैदा हो सकती थी।

### रविवार सुबह दुर्घटना में बाल-बाल बचे कार सवार

बता दें कि रविवार को तड़के 4 बजे गुरूर की ओर से बालोद आ रही एक कार झलमला घोठिया चौक में मोड़ पर सड़क पर रेत होने के कारण फिसलने लगी। इस बीच सड़क किनारे लगी रेलिंग से टकराकर वहीं रूक गई।कार के रूक जाने से उसमें बैठे लोग सुरक्षित हैं, उन्हें किसी प्रकार की कोई हानि नहीं हुई। इससे रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गई। साथ ही वाहन के कुछ पुर्जे क्षतिग्रस्त हो गए। कार में सवार लोग बाद में दूसरी कार से अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए। वहीं, बाद में दुर्घटनाग्रसत कार को अन्य माध्यम से ले जाया गया।

पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

# ट्रांसफार्मरों के खुले ग्रीपों से दुर्घटना का खतरा, ध्यान नहीं दे रहा विभाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



शहर के अंदर व ग्रामीण क्षेत्र में लगे ट्रांसफार्मरों के ग्रीप खुले हुए हैं, जो हादसों को न्योता दे रहे हैं। इन ट्रांसफार्मरों से कई बार हादसे हो चुके हैं। इसके बाद भी बिजली विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

बिजली ट्रांसफार्मर में लगे ग्रीप के डिब्बों के दरवाजे अधिकांश स्थलों पर खुले हैं। वहीं, कई जगह भी बॉक्स ही नदारद हैं। कुछ ट्रांसफार्मर में दरवाजे तो हैं, लेकिन पूरी तरह से टूट चुके हैं। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के हीरापुर, सिवनी, झलमला, पारागांव, पाकुरभांट, देवारभांट सहित अन्य जगहों पर ट्रांसफार्मर खुले हुए हैं, जिनसे कभी भी हादसा हो सकता है। राहगीरों को मजबूरी में वहां से गुजरना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में ट्रांसफार्मर से चिंगारी निकलना व स्पार्किंग होना आम बात हो जाती है। खुले वायरों से बरसात में लोगों को करंट लगने का डर सताता है। बिजली कंपनी हर साल बारिश से पहले बिजली के तारों के रखरखाव का काम करने का दावा करती है। बताया जाता है कि इसके तहत बिजली के तारों के ऊपर आए पेड़ों की डालियों को काटने से लेकर जर्जर हो चुके तारों को बदलने जैसे काम करती है, जिससे बारिश में बिजली सप्लाई बाधित न हो। लेकिन, ट्रांसफार्मर के पास स्थित ग्रीप प्रायः खुले ही रहते हैं। इसे सुरक्षित रखने की दिशा में गंभीरता पूर्वक कार्य नहीं किया जाता।

### ट्रांसफार्मर की चपेट में आ चुके हैं जीव-जंतु

बरसात के मौसम में अक्सर करंट आने की शिकायत शहरवासी व ग्रामवासी कर चुके हैं। कई बार ट्रांसफार्मर के लटके तारों से करंट आने की घटनाएं भी हो चुकी हैं। कई मवेशी, बंदर सहित अन्य जीव जंतु इसकी चपेट में आ चुके हैं। बिजली विभाग से कई बार खुले में रखे ट्रांसफार्मर की शिकायत की गई, लेकिन अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है।

# पंचायत चुनाव में वोटों की बारिश, ग्रामीण सरकार बनाने 84.53 प्रतिशत हुआ मतदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

- निर्वाचन आयोग ने जारी किए अंतिम आंकड़े

निर्वाचन आयोग ने जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत मतदान के अंतिम आंकड़े प्रकाशित कर दिये। जिले के पांच जनपद क्षेत्र में कुल औसत 84.53 प्रतिशत मतदान हुआ।

जिले के सभी 05 जनपद पंचायत क्षेत्र में तीन चरणों में मतदान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिले के डौण्डीलोहारा, डौण्डी, बालोद, गुरूर और गुण्डरदेही जनपद पंचायत अंतर्गत कुल 436 ग्राम पंचायतों में मतदान हुआ। जिसमें कुल 06 लाख 04 हजार 115 मतदाताओं में से 05 लाख 10 हजार 646 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। जो कि कुल मतदाताओं का औसत रूप से 84.53 प्रतिशत मतदान हुआ है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के 120 ग्राम पंचायतों में 01 लाख 59 हजार 237 मतदाताओं में से 01 लाख 32 हजार 284 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसका मतदान प्रतिशत 83.07 रहा। इसी प्रकार डौण्डी विकासखण्ड के 62 ग्राम पंचायतों के 81 हजार 66 मतदाताओं में से 68 हजार 233 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसका मतदान का प्रतिशत 84.17 रहा। इसी प्रकार बालोद विकासखण्ड के 60 ग्राम पंचायतों के 85 हजार 625 मतदाताओं में से 73 हजार 231 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसका मतदान का प्रतिशत 85.53 रहा। इसी प्रकार गुरूर विकासखण्ड के 77 ग्राम पंचायतों के 01 लाख 12 हजार 842 मतदाताओं में से 97 हजार 653 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसका मतदान का प्रतिशत 86.54 रहा।

इसी प्रकार गुण्डरदेही विकासखण्ड के 117 ग्राम पंचायतों के 01 लाख 65 हजार 346 मतदाताओं में से 01 लाख 39 हजार 245 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसका मतदान का प्रतिशत 84.21 रहा।

**खास बातें**

- कुल 6 लाख 04 हजार 115 मतदाताओं में से 05 लाख 10 हजार 646 ने डाले वोट
- सबसे ज्यादा मतदान गुरूर विकासखंड में 86 .54 प्रतिशत हुआ
- डौंडीलोहारा में सबसे कम 83 .07 प्रतिशत मतदान हुआ







नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

# उत्तरपुस्तिका जांच रहे प्राध्यापकों में 80% निजी कॉलेज के, शासकीय महाविद्यालयों की तौबा, रविवि की फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

लाखों की तनख्वाह प्राप्त कर रहे शासकीय महाविद्यालय के प्राध्यापकों को छात्रों की उत्तरपुस्तिकाएं जांचने में विशेष दिलचस्पी नहीं है। उत्तरपुस्तिकाएं जांच रहे प्राध्यापकों में से 80% निजी महाविद्यालयों के हैं। केवल 20% प्राध्यापक ही ऐसे हैं, जो शासकीय महाविद्यालयों में सेवारत हैं। ये आंकड़ें पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने बीते दिनों हुई प्राचार्यों की बैठक में पेश किए। रविवि द्वारा बीते शैक्षणिक सत्र से केंद्रीय मूल्यांकन प्रारंभ किया गया है।

## केंद्रीकृत मूल्यांकन होने के कारण शासकीय महाविद्यालय के प्राध्यापक नहीं दिखा रहे दिलचस्पी

### कम राशि भी बड़ी वजह

उत्तरपुस्तिकाएं घर ले जाने की सुविधा समाप्त किए जाने के बाद शासकीय महाविद्यालय के प्राध्यापक केंद्र पहुंचकर कॉपियां नहीं जांचना चाह रहे हैं। रविवि द्वारा उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन के लिए पैटर्न आधार पर 15 व 25 रुपए दिए जाते हैं। वार्षिक पद्धति से होने वाली परीक्षाओं में सवाल अपेक्षाकृत कम होने के कारण इसकी कॉपियां जांचने पर 15 रुपए दिए जाते हैं। सेमेस्टर पद्धति में नए पैटर्न से होने वाली परीक्षाओं में अधिक सवाल पूछे जाते हैं, ऐसे में इसके लिए 25 रुपए दिए जाने का प्रावधान है। रविवि द्वारा इस राशि में वृद्धि शैक्षणिक सत्र 2016-17 में की गई थी। इसके पूर्व 10 रुपए प्रति कॉपी प्रदान किए जाते थे। अधिकतर शासकीय प्राध्यापकों का वेतन लाखों में होता है। ऐसे में इतनी कम राशि के लिए रविवि अध्ययनशाला पहुंचकर कॉपियां जांचने में वे आनाकानी कर रहे हैं। मूल्यांकन केंद्र में प्राध्यापकों को 30-30 कॉपियों का एक बंडल दिया जाता है।



### निजी महाविद्यालयों के भरोसे मूल्यांकन

रविवि द्वारा सेमेस्टर परीक्षाएं जनवरी-फरवरी में आयोजित की गईं। शुरुआती परीक्षाओं के साथ ही मूल्यांकन कार्य प्रारंभ कर दिया गया था। रविवि की वार्षिक परीक्षाएं मार्च में आयोजित की जाएंगी। इसमें भी शुरुआती पर्चों के बाद मूल्यांकन शुरू कर दिया जाएगा। प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन के सचिव डॉ.देवाशीष मुखर्जी ने रविवि द्वारा पेश किए आंकड़े को निजी महाविद्यालयों के लिए उत्साहजनक बताते हुए कहा, सेमेस्टर परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य में भी 80:20 का अनुपात है। हम अपने प्राध्यापकों को मूल्यांकन कार्य के लिए आवश्यक अवकाश भी प्रदान कर रहे हैं ताकि परीक्षा कार्य में सहयोग मिल

प्राध्यापक अब उत्तरपुस्तिकाएं अपने घर अथवा महाविद्यालय नहीं ले जा सकते हैं। इसके स्थान पर रविवि अध्ययनशाला में बनाए गए केंद्र में आकर ही उन्हें मूल्यांकन कार्य करना होता है।

केंद्रीकृत मूल्यांकन ना होने की स्थिति में दूसरे जिलों में भी उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए भेजी जाती थीं। दूसरे जिले के प्राध्यापकों के लिए राजधानी आकर कॉपियां जांचना अपेक्षाकृत जटिल होता है। मूल्यांकन कार्य में हिस्सा नहीं लेने की एक वजह यह भी है। पिछले सप्ताह परीक्षा और मूल्यांकन कार्य को लेकर रविवि ने प्राचार्यों की बैठक आयोजित की थी। इस बैठक में रविवि ने शासकीय महाविद्यालयों के प्राध्यापकों के मूल्यांकन में हिस्सा नहीं लेने को नाराजगी भी जाहिर की थी।

## खबर संक्षेप

### नवा रायपुर में होगी नई साइंस सिटी की स्थापना




**रायपुर।** नवा रायपुर में प्रस्तावित साइंस सिटी को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बैठक ली। देश की छठवीं साइंस सिटी की स्थापना नवा रायपुर में की जाएगी। बैठक में अपर मुख्य सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग रेणु जी. पिल्लई, डायरेक्टर जनरल सीआरएससी डॉ. एस. कर्मकार के सहित विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस दौरान साइंस सिटी की अवधारणा, उसके उद्देश्यों, समाज पर प्रभाव, आर्थिक संभावनाओं और परियोजना के क्रियान्वयन की विस्तृत योजना पर चर्चा की गई।

### ग्रामीण स्तरीय व्हॉलीबॉल स्पर्धा में खम्हरिया विजेता



**रायपुर।** ग्राम पथरी-खुड़मुड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य के स्वप्नदृष्टा डॉ खूबचंद बघेल की पुण्य स्मृति के अवसर पर एक दिवसीय ग्रामीण व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 22 फरवरी को किया गया। प्रतियोगिता में बिलासपुर खम्हरिया, कुरकुट्टी, सड्डू, ओटागन, उरकुरा, मोवा, महादेवघाट, कोनारी, कुथरौद, पथरी, देवरी, छपोरा की टीमों ने भाग लिया। प्रथम खम्हरिया, द्वितीय कुरकुट्टी, तृतीय बिलासपुर, पथरी चतुर्थ पर रहे, आयोजन में सहयोग सरपंच कल्याणी बुलाकी आडिल, कुंजबिहारी वर्मा, हरीश आडिल, शेष नारायण बघेल, रुपेश बघेल, दादू आडिल, शेखर वर्मा, मुकेश वर्मा, राजेश ध्रुव, चेतन वर्मा, अमन वर्मा का रहा और विशेष सहयोग जायसवाल निको इंडस्ट्रीज का रहा।

### आदिवासी समाज के आराध्यदेव का अभिषेक पूजन 26 को

**रायपुर।** महाशिवरात्रि पर्व पर आदिवासियों के आराध्यदेव के नाम से बने गोंडवाना भवन टिकरापारा प्रांगण में स्थापित बुढ़ादेव का 26 फरवरी को अभिषेक पूजन कार्यक्रम क्षेत्रीय गोंड़ समाज कल्याण समिति, आदिवासी समाज के प्रमुखों द्वारा रखा गया है। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा।

### भाजपा नेताओं ने सुनी मोदी के मन की बात

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक प्रसारण मन की बात को रविवार को प्रदेश के भाजपा नेताओं ने सुना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने जगदलपुर में, प्रदेश भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल ने जगन्नाथ मंदिर, गीतांजलि नगर, रायपुर में कार्यक्रम सुना। इस दौरान रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, भाजपा शहर जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर व रायपुर के सभी 60 पार्षदों सहित भाजपा के नेता, कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मन की बात का प्रसारण सुनने के बाद कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिन विषयों को लेकर जनता की बीच आते हैं, हम सबसे चर्चा करते हैं, वह अद्भुत होता है। न केवल जानकारी, वरन उससे मोटिवेशन भी मिलता है।

## नगालैंड, धीमापुर जू से ला रहे दो हिमालयन भालू में से एक ही पहुंचा

# हिमालयन भालू ने रास्ते में तोड़ा दम, जंगल सफारी में 15 दिनों में सात साही की मौत भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जंगल से रेस्क्यू कर लाए गए असहाय तथा कमजोर वन्यजीवों के लिए जंगल सफारी कब्रगाह साबित हो रहा है। पिछले वर्ष अगस्त-सितंबर माह में 35 काले हिरणों तथा दो माउस डियर की मौत की घटना के बाद अब सफारी में नगालैंड स्थित धीमापुर जू से लाए गए दो हिमालयन भालू में से एक ने दम तोड़ दिया। साथ ही पिछले 15 दिनों में जंगल सफारी में सात साही की अज्ञात कारणों से मौत की बात की भी सूचना आ रही है। साही की मौत किन परिस्थितियों में हुई है, अफसर पूरे मामले की जांच के बाद कुछ बता पाने की बात कह रहे हैं। वन्यजीवों के एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत सफारी प्रबंधन ने नगालैंड धीमापुर जू में पांच चीतल तथा दो काले हिरण देने के बदले दो हिमालयन भालू लाने का फैसला लिया था। चीतल तथा काले हिरण को जंगल सफारी की जू की गाड़ी से नगालैंड रवाना किया गया। जिस गाड़ी को जंगल सफारी प्रबंधन ने वन्यजीव पहुंचाने के लिए भेजा था, उसी गाड़ी में हिमालयन भालू को लेकर रायपुर लौट रहे थे। इस दौरान एकर हिमालयन भालू ने रास्ते में दम तोड़ दिया।



### ये कैसी अदला-बदली, दुर्लभ सफेद भालू के बदले अंबानी के जू से लाएंगे जेब्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

जंगल सफारी में नागालैंड जू से जहां दो नए मेहमान हिमालयन भालू लाए गए हैं, पर अनंत अंबानी के गुजरात जामनगर स्थित जू वंतारा से सफेद भालू के बदले जेब्रा तथा मीरकैट की अदला बदली विवादों में आ गई है। जंगल सफारी तथा वनतारा प्रबंधन के बीच जो पूर्व में वन्यजीवों की अदला-बदली करने सहमति हुई थी, उसमें सफेद भालू की जगह सामान्य भालू देने सहमति हुई थी। ऐसे में जेब्रा तथा मीरकैट के बदले सफेद भालू दिए जाने को लेकर वन्यजीव प्रेमी सवाल खड़ा कर रहे हैं। गैरतलब है कि जंगल सफारी प्रबंधन के साथ वंतारा जू शुरू होने के पूर्व आठ मई 2020 को वन्यजीवों की अदला-बदली करने सहमति हुई थी।

**छत्तीसगढ़ के इस जंगल में पाए जाते हैं सफेद भालू**

वन्यजीवों के जानकारों के मुताबिक सफेद भालू रहने को सामान्य भालू की तरह ही है, लेकिन जेनेटिक कारणों से सामान्य भालू का रंग काला की जगह सफेद हो गया है। सफेद भालू छत्तीसगढ़ के मरवाही के जंगल में ही पाए जाते हैं। इस वजह से सफेद भालू की गिनती रेयर प्रजाति के वन्यजीव में होती है। मरवाही के जंगल में वर्तमान में 25 के करीब सफेद भालू हैं।

**जंगल सफारी में नागालैंड जू के दो हिमालयन भालू बने नए मेहमान**

**अफसर बोले- प्रक्रिया प्रोसेस में**

वन्यजीवों की अदला बदली को लेकर जंगल सफारी के डायरेक्टर धम्मशील गणवीर ने पुष्टि की है। अफसर का कहना है कि वंतारा से जेब्रा तथा मीरकैट के बदले एक सफेद भालू दिया जाएगा। अफसर ने वन्यजीवों की अदला बदली प्रोसेस में होने की जानकारी दी है। साथ ही अफसर ने जल्द ही वन्यजीवों की अदला-बदली करने की बात कही।

### सात साही की मौत भी

हरिभूमि फॉलोअप

हिमालयन भालू की मौत के एक पखवाड़े पूर्व से एक-एक कर सात साही की मौत की घटना सामने आई है। साही की मौत किन कारणों से हुई है। सीसीएफ वाइल्ड लाइफ ने जांच रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ बता पाने की बात कही। हिमालयन भालू के साथ ही साही का पोस्टमार्टम जंगल सफारी में किया गया। दोनों वन्यजीवों की मौत की जानकारी सफारी प्रबंधन ने सफारी से बाहर आने रोकने की हरसंभव कोशिश की।



### मौत सवालों के घेरे में

अफसर के अनुसार, रास्ते में हिमालयन भालू की मौत का कारण जांच के नाम पर वाहन को घंटों रोकना है। हिमालयन भालू को विभागीय डॉक्टर के साथ वनकर्मियों की टीम ला रही थी। ऐसे में सीजेडए के लेटर के साथ ही धीमापुर जू प्रबंधन ने अपने जू से हिमालयन भालू जंगल सफारी भेजे जाने अनुमति पत्र दिया होगा। फिर भी हिमालयन भालू ला रहे वाहन को घंटों रोक जांच किए जाने की बात सवालों के घेरे में है।

### रास्ते में करते हैं स्वास्थ्य जांच

वन्यजीवों को एक जू से दूसरे जू एक्सचेंज किए जाने की स्थिति में रास्ते में स्वास्थ्य परीक्षण तथा उनके लिए पानी, खाने की व्यवस्था की जाती है। साथ ही एक निश्चित दूरी तय करने के बाद वन्यजीवों को आराम दिया जाता है। ऐसे में हिमालयन भालू का रास्ते में स्वास्थ्य परीक्षण ही नहीं किया गया। इस वजह से वन्यजीव चिकित्सक को भालू के बीमार होने की जानकारी नहीं मिली और उसकी रास्ते में ही मौत हो गई।

### वन्यजीव प्रेमियों में आक्रोश

हिमालयन भालू के साथ ही सफारी में सात साही की मौत की घटना के बाद वन्यजीव प्रेमी आक्रोशित हैं। वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी सहित अन्य ने आरोप लगाया है कि डॉक्टरों की लापरवाही के चलते सब एडल्ट मादा बायसन की गुरु घासीदास नेशनल पार्क पहुंचने से पहले मौत हो गई। वन्यजीव प्रेमियों ने जंगल सफारी, कानन पेंडारी से सफेद भालू सहित सभी वन्यप्राणियों के एक्सचेंज प्रोग्राम पर रोक लगाने के साथ ही दोषी डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### दावा- जगह-जगह जांच के लिए रोका गर्मी से हुई मौत

*हिमालयन भालू की मौत के कारणों का पता लगाने हरिभूमि की टीम ने सीसीएफ वाइल्ड लाइफ सतोविशा समाजदार से संपर्क किया तो उनका कहना है कि पश्चिम बंगाल में जगह-जगह गाड़ी को रोककर जांच की गई। ऐसे में हिमालयन भालू की गर्मी के कारण मौत हो गई। अफसर के अनुसार वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो ने पश्चिम बंगाल से वन्यजीवों की तस्करी होने की जानकारी दी थी। इस वजह से स्थानीय वन विभाग के अफसर गाड़ियों को रोककर जांच कर रहे थे। इसके चलते हिमालयन भालू ला रहा वाहन घंटों फंसा रहा। गर्मी के कारण हिमालयन भालू की मौत होने की जानकारी वन अफसर ने दी है।*

## महिलाओं के लिए हुआ वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम



**बालोद।** वित्तीय समझदारी समृद्ध नारी वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन आरबीआई जिला अग्रणी बैंक द्वारा बालोद मुख्यमंत्री कौशल विकास संस्था जिला बालोद में किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को बचत बजट, विभिन्न सेवाओं, योजनाओं, सामान्य बैंकिंग, एटीएम का इस्तेमाल, मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, जनधन, सुरक्षाबीमा, जीवन ज्योति, सचेत पोर्टल, विविधीकरण, डिजिटल धोखाधड़ी एवं बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही 14448 आरबीआई लोकपाल एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण केंद्र संस्था प्रमुख, समर्पित संस्था से सुनीता खूंटे, एलडीएम सौरभ जैन, वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षक मोहम्मद वकार कुरैशी एवं प्रशिक्षु महिलाएं उपस्थित रहीं।

## प्रकृति परीक्षण अभियान में छत्तीसगढ़ तीसरा मुंबई में हुआ सम्मान

**रायपुर।** आयुष मंत्रालय के निर्देश पर चलाए जा रहे प्रकृति परीक्षण अभियान में अधिक लोगों की जांच कर छत्तीसगढ़ तीसरे स्थान पर है। अभियान के प्रथम चरण का समापन समारोह में केंद्रीय आयुष मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव द्वारा इसके लिए प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी देकर राज्य समन्वयक डा. संजय शुक्ला को सम्मानित किया गया। प्रथम चरण के अभियान का समापन समारोह मुंबई के जहांगीर भाभा थियेटर में आयोजित किया गया। पहले चरण के अभियान के अंतर्गत पूरे देश में 1 करोड़ 29 लाख से अधिक नागरिकों का प्रकृति परीक्षण किया गया। संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ के निर्देशन में 3551 वालिंटियर्स द्वारा 4 लाख 45 हजार से अधिक नागरिकों का प्रकृति परीक्षण कर देश में नौवां स्थान हासिल किया है।

# शहरी गरीबों को आरडीए 7 साल में नहीं दे पाया पजेशन, सिर्फ फाइलों में रीकंट्रक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहरी गरीबों को आशियाना देने का मसौदा अभी तक निर्माण का हिस्सा बना हुआ है। बोरियाखुर्द में 524 लोगों को स्वतंत्र ईडब्ल्यूएस मकान देने के लिए बुकिंग प्रक्रिया के बाद लोगों ने मकान का पैसा फाइनेंस कराया। इसके बाद से लोग बैंक की किस्तें चुका रहे हैं, लेकिन उन्हें अशियाना नहीं मिला। कुछ ऐसे ही हालात टिकरापारा में हैं, जहां 53 साल पुरानी 96 कॉलोनी जर्जर स्थिति में हैं। इसके बाद भी रीकंट्रक्शन की प्रक्रिया फाइलों में घूम रही है। इससे दोनों प्रोजेक्ट से करीब सात सौ परिवार प्रभावित हैं।

राजधानी में दो प्रोजेक्ट की रफ्तार और प्रक्रिया इतनी सुस्त चल रही कि लोगों को मिलने वाली सुविधा ठंडे बस्ते में है। जब पहले प्रोजेक्ट के रूप में बोरियाखुर्द में 524 शहरी गरीबों के निर्माणाधीन मकान की स्थिति जांची गई, तो वहां पाया गया कि 7 साल पहले इस प्रोजेक्ट को शुरू करते हुए आउटर में लोगों को स्वतंत्र ईडब्ल्यूएस मकान देने के लिए प्रक्रिया की गई। 2018 में स्वतंत्र मकान का निर्माण शुरू करवाने के बाद आरडीए निर्माण एजेंसी से अभी तक प्रोजेक्ट पूरा करने के बाद मकान बुक कराने वाले लोगों को पजेशन नहीं दे पाया है। इससे जिन लोगों ने मकान लेने के लिए बैंक से फाइनेंस कराया है, उन्हें लोन की किस्त के साथ मकान का किराया भी देना पड़ रहा है।



### फंसा है कॉलोनी का रीकंट्रक्शन

वहीं दूसरे प्रोजेक्ट के रूप में टिकरापारा स्थित 96 कॉलोनी का रीकंस्ट्रक्शन करवाने की प्लानिंग आरडीए ने एक साल पहले की। कॉलोनी का कायाकल्प करने के लिए आरडीए के अफसरों ने 23 करोड़ से ज्यादा का प्रोजेक्ट भी बनाया। काम करने से पहले कॉलोनी की समिति से सहमति मांगी। इसके बाद उन्हें वन एवं टू बीएचके फ्लैट में बिजली, पानी, नाली और पार्किंग की सुविधा देने का मसौदा तैयार किया। इस कॉलोनी का रीकंट्रक्शन कराने से पहले कॉलोनी को जर्जर घोषित करने की प्रक्रिया करनी होगी। इसकी फाइल शासन को भेजी गई है। मंजूरी के बाद निर्माण होगा।

### जून में पूरा होगा प्रोजेक्ट, प्रक्रिया जारी है

पुरानी बिल्डिंग का रीकंस्ट्रक्शन कराने के लिए प्रोजेक्ट तैयार है। कॉलोनी को जर्जर घोषित कराने की प्रक्रिया के बाद अधिकारियों के निर्देश पर एजेंसी तय करेंगे। जून तक स्वतंत्र मकानों का निर्माण पूरा करने निर्देश दिया है।

- अनिल गुप्ता
अधीक्षण अभियंता, आरडीए, रायपुर

### मल्टी स्टोरी में होगी यह सुविधा

*अभी 96 कॉलोनी में लोगों को हर फ्लैट में टॉयलेट की सुविधा नहीं मिल रही है। कॉलोनी में सुरक्षा के लिहाज से बाउंड्री भी नहीं है। इतना ही नहीं, इसमें वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम ध्वस्त है। इसे देखते हुए आरडीए ने ग्राउंड फ्लोर के अलावा 8 मंजिला बिल्डिंग बनाने के लिए 23 करोड़ से ज्यादा का प्रोजेक्ट तैयार किया है। इसमें वन और टू-बीएचके के करीब 150 लोगों के लिए फ्लैट बनेंगे। इसमें अटैच लेट-बॉथ के अलावा कॉलोनी परिसर तैयार होगा। इसमें बिजली, पानी के साथ सीवरेज भी सिस्टमेटिक होगा। इसके साथ ही फ्लैट में रहने वाले लोगों को पार्किंग की सुविधा भी मिलेगी।*

## 70 पार्षदों के साथ 27 को शपथ लेंगी नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे

# 14 एमआईसी मेंबर्स से सजेगी एमआईसी नए चेहरे दमकेंगे, पुराने का बोलेगा अनुभव

### जोन अध्यक्ष के लिए सुगबुगाहट शुरू, सामने आने लगे दावेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे 70 निर्वाचित पार्षदों के साथ 27 फरवरी को बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित समारोह में शपथ लेंगी। शपथ के बाद शहर सरकार की नई टीम तैयार होगी। इस बार सदन का नजारा बदला-बदला सा नजर आएगा। 14 एमआईसी मेंबर्स से एक ओर जहां एमआईसी सजेगी, वहीं विपक्षी पाले में कांग्रेस के 7 पार्षद और 3 निर्दलीय जनहित के मुद्दे उठाने मौजूद रहेंगे। इस बार की एमआईसी में जहां ज्यादातर नए चेहरे अपने हावभाव से चमक बिखेरने सदन में दमकेंगे। वहीं कुछ पुराने मेंबर्स का अनुभव भी बोलेगा।

डेढ़ दशक बाद शहरी सरकार में भाजपा से महापौर के रूप में निगम की पूर्व नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे अपने परिषद के नए पुराने सदस्यों के साथ सदन का हिस्सा बनेंगी। उनकी एमआईसी में जिन नए सदस्यों के नाम उभरकर सामने आए हैं, उनमें कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ व पूर्व एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन को चुनाव में हराकर पहली बार पार्षद बने युवा अमन ठाकुर का नाम है, जो इस बार के शहरी सरकार के सबसे कम उम्र के पार्षद हैं। 26 वर्षीय अमन ठाकुर रामकृष्ण परमहंस वार्ड से चुनाव जीतकर सदन पहुंचे हैं। इसी तरह एमआईसी में दूसरा नाम भाजपा से निर्वाचित पार्षद महेंद्र खोडियार का लिया जा रहा है, जो निगम चुनाव में इस बार सबसे ज्यादा वोटों से चुनाव जीतकर आए हैं।




### वरिष्ठ पार्षदों में इनका नाम

सदन में अपनी बात बेबाकी से रखने वाली दूसरी बार की पार्षद सरिता दुबे एमआईसी की प्रबल दावेदार मानी जा रही हैं। उनके साथ ही पूर्व उपनेता प्रतिपक्ष व वरिष्ठ भाजपा पार्षद मनोज वर्मा का नाम एमआईसी सदस्य के रूप में लिया जा रहा है।

इसी तरह तीसरा नया नाम अमर गिदवानी का है, जिन्होंने निवृत्तमान महापौर एजाज ढेबर को चुनाव में एक झटके से हराया। ऐसे में उनके इस जीत को देखते हुए एमआईसी में उन्हें शामिल किया जा सकता है। साथ ही नए चेहरों में महात्मा गांधी वार्ड से चुनाव जीतकर पार्षद बनीं साधना-प्रमोद साहू, मोतीलाल नेहरू वार्ड से दूसरी बार चुनाव जीतकर पार्षद बने गोपेश साहू, गज्जू साहू और यतियतन लाल वार्ड से निर्वाचित पार्षद नंदकिशोर साहू एमआईसी में लिए जा सकते है। साथ ही अवतार बागल, आशु चंद्रवंशी, संतोष साहू और कृतिका जैन के नाम उभरकर सामने आए हैं।

## नाममात्र शुल्क में रात बिताने मिल रही सुविधा

# बड़े अस्पतालों में परिजनों का आवास सिर्फ योजना, सहारा बन रहा 16 बेड का 'दाईकोरा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डीके, आंबेडकर, जिला अस्पताल में दूर दराज के इलाकों से इलाज के लिए आने वाले मरीज और उनके अटेंडरों के लिए आवास सुविधा सिर्फ योजना बनकर रह गई है। इनके बीच रेडक्रास सोसायटी द्वारा सीएमएचओ कार्यालय परिसर में संचालित दाईकोरा भटकते मरीजों के ठहरने के लिए बड़ा सहारा बन रहा है। नाममात्र शुल्क वाले इस ठिकाने पर आसपास के कई अस्पतालों के मरीज और अटेंडर आकर रुकते हैं। पूर्व जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. मीरा बघेल ने कार्यालय के पीछे रिक्त भूमि में दाईकोरा का निर्माण कराया था। वर्ष 2022 में इसका लोकार्पण किया गया और इसका संचालन रेडक्रास सोसायटी द्वारा किया जा रहा है और जांच और उपचार के इंतजार में रात बिताने वाले मध्य और निम्न आय वर्ग के मरीज और उनके परिजनों का बड़ा सहारा बन रहा है। दाईकोरा के संचालन समिति से जुड़े लोगों का कहना है कि अब तक सैकड़ों मरीज यहां ठहरकर अपना इलाज पूरा करवाकर घर लौट चुके हैं।




### दान में मिली राशि का उपयोग

दाईकोरा का निर्माण राजधानी में रहने वाले एक परिवार द्वारा दान में मिली राशि के उपयोग से किया गया था। मिली राशि के सदुपयोग के लिए काफी विचार मंथन करने के बाद दूसरे जिलों से राजधानी आकर इलाज कराने वालों को अस्थायी आवास सुविधा उपलब्ध कराने का फैसला लिया था और कार्यालय के पिछले हिस्से की रिक्त जमीन का चयन कर वहां निर्माण कराया गया था।

### डीके में ऊपर, आंबेडकर में बरामदा ठिकाना

डीके अस्पताल भवन के ऊपरी हिस्से में मरीजों और उनके अटेंडरों के लिए अस्थायी ठिकाना बनाया गया है। सुरक्षागत कारणों से यहां गिनती के अटेंडर प्रवेश कर पाते हैं और अन्य लोगों को बाहर ठिकाना जमाना पड़ता है। आंबेडकर अस्पताल में इस तरह की कोई व्यवस्था नहीं है, जिसकी वजह से मरीजों के अटेंडर वार्ड के बाहर बरामदे में रहकर अपना वक्त गुजारते हैं।

■ कुछ पदाधिकारियों को मिल सकता है निगम-मंडल में मौका

# किरण देव की नई कार्यकारिणी में नजर आएंगे कई नए चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में एक बार से निगम-मंडलों में नियुक्ति की कवायद प्रारंभ हो गई है। संभावना है कि जल्द ही थोक में नियुक्तियां होंगी। निगम और मंडलों में नियुक्ति के बाद ही भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई टीम तय होगी। इस समय प्रदेश की कार्यकारिणी में जो पदाधिकारी हैं, उनमें से कुछ पदाधिकारियों को भी निगम-मंडल में मौका मिलने की संभावना है। इसी के साथ कुछ पदाधिकारी नगरीय निकाय चुनाव में जीतकर महापौर और पालिका अध्यक्ष भी बन गए हैं। इनके स्थान पर भी नए चेहरों को मौका मिलेगा। मोर्चा, प्रकोष्ठ में भी नए चेहरे आएंगे। ज्यादातर मोर्चा-प्रकोष्ठ के अध्यक्ष और संयोजकों का कार्यकाल भी पूरा होने वाला है। यह बात तय है कि प्रदेश भाजपा की नई कार्यकारिणी में इस बार कई नए चेहरों को मौका मिलने वाला है।



### कई नए चेहरों को मिलेगा मौका

किरण देव के वापस 17 जनवरी को अध्यक्ष बनने के बाद नगरीय निकाय चुनाव का ऐलान हो गया। ऐसे में भाजपा इसमें जुट गई। भाजपा को निकाय चुनाव में ऐतिहासिक सफलता मिली है। इस समय पंचायत चुनाव चल रहे हैं। ये 24 फरवरी तक चलेंगे। इसके बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में प्रदेश संगठन व्यस्त रहेगा। किरण देव की नई कार्यकारिणी को लेकर अगले माह से कवायद प्रारंभ होगी। प्रदेश संगठन की नई कार्यकारिणी में कई बदलाव होने की संभावना है। प्रदेश के एक महामंत्री जगदीश रामू रोहरा धमतरी के महापौर बन गए हैं। इसी तरह से एक उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव राजनांदगांव के महापौर बन गए हैं। जगदलपुर के महापौर संजय पांडेय भी भाजपा की मीडिया टीम का हिस्सा रहे हैं। प्रदेश संगठन के कुछ पदाधिकारियों को निगम, मंडल और आयोग में पद मिलने की भी संभावना है। ऐसे में जिनको दूसरे पद मिलेंगे, उनके स्थान पर कार्यकारिणी में बदलाव होगा। इसी के साथ मोर्चा और प्रकोष्ठ के ज्यादातर चेहरे भी बदल जाएंगे।

खबर संक्षेप

## मोतिम बनीं फागुनदाह की सरपंच, जताया आभार



गुरूर। ग्राम पंचायत फागुनदाह मे सरपंच पद पर शिक्षक की पत्नी मोतिम मरकाम ने 223 मतों से जीत हासिल की है। मोतिम मरकाम का यह पहला चुनाव था। मोतिम मरकाम ने अपनी जीत का श्रेय ग्राम की जनता को देते हुए कहा कि ग्राम में समस्याओं का अंबार है। ग्राम के विकास के लिए बहुत कार्य किया जाना बाकी है। ग्राम में शिक्षा के क्षेत्र में सुविधाओं का विस्तार करने के साथ ही मूलभूत जरूरतों को पूरा करने के लिए कार्य करूंगी।

## बागतराई में त्रिकोणीय मुकाबले में 161 मतों से जीतीं अनिता



गुरूर। ग्राम पंचायत बागतराई में स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़कर अनिता भुनेश्वर साहू सरपंच बनी हैं। अनिता का यह पहला चुनाव था। वैसे तो चुनाव गैरदलीय था, लेकिन यह भाजपा एवं कांग्रेस दोनों की ओर से समर्थित प्रत्याशी सरपंच पद के लिए मैदान में थे। सेना से सेवानिवृत्त होकर वापस ग्राम पहुंचे भुनेश्वर साहू ने ग्रामीणों की सलाह पर ग्राम की अव्यवस्था को देखते हुए एवं ग्राम की जरूरतों को देखते हुए अपनी पत्नी अनिता को चुनाव मैदान में उतारा था। ग्रामीणों का भरपूर सहयोग एवं आशीर्वाद इस सेवानिवृत्त सैनिक के परिवार को मिला। ग्रामीणों का अनिता साहू ने चुनाव जीतकर भाजपा कांग्रेस दोनों दलों के समर्थक प्रत्याशी को पछाड़ दिया। अनिता साहू ने यह चुनाव त्रिकोणीय मुकाबले में 161 मतों के अंतर से जीता है।

## ट्रक की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त, सवार सुरक्षित




बालोद। ग्राम चिटौद के पास ट्रक ने कार को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कार के पीछे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं, कार में बैठे सभी लोग सुरक्षित है। घटना पुरूर थाना क्षेत्र में सोमवार को शाम 5 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 08 एटी 5400 जो पुरूर से धमतरी की ओर जा रहा था और कार क्रमांक एपी 35 एपी 5106 भी पुरूर से धमतरी की ओर जा रहा था, तभी ग्राम चिटौद के पास ट्रक ने कार को पीछे से टक्कर मार दी। वहीं, संबंधित थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

निधन

## अशोक लोढ़ा



डौंडीलोहारा। नगर के प्रतिष्ठित सुश्रावक अशोक लोढ़ा 61 वर्ष (सुपुत्र गेंदमल लोढ़ा) का निधन सोमवार को दोपहर हो गया। उनका अंतिम संस्कार नगर के मुक्तिधाम में किया गया। गणमान्य नागरिक शामिल हुए। आप सुरेश कुमार, अनिल कुमार, दिनेश लोढा के भाई व हर्षित शिखर के पापा थे।

भोथली में कोसरिया यादव समाज के गीता जयंती व वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए विधायक

# एकजुट होकर काम करने पर ही आगे बढ़ेगा हमारा समाज : गजेंद्र





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम भोथली (तिरगा) में कोसरिया यादव समाज सर्किल खाड़ा द्वारा एकदिवसीय गीता जयंती व वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 25 गांवों के समाजिक जन शामिल हुए। इस अवसर पर सामाजिक संगठन परिचय व बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामाजिक यादव बंधुओं व उत्कृष्ट बच्चों सम्मान समारोह आयोजित किया गया। साथ ही गीता पाठ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव थे, अध्यक्षता प्रीतपाल बेलचंदन अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय सहकारिता समिति दुर्ग ने की। कार्यक्रम को संबांधित करते हुए मुख्य अतिथि दुर्ग शहर

- विधायक ने यादव समाज का भवन बनाने 20 लाख रुपए



विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि हम सब भगवान के वंशज हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को एकजुट होकर काम करना चाहिए, तभी समाज आगे बढ़ेगा। श्री यादव ने कहा कि अभी केंद्र और राज्य में डबल इंजन की सरकार है, प्रदेशवासियों को भाजपा सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने शासन की योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री यादव ने समाज का एक बड़ा भवन बनाने के लिए 20 लाख रुपए की घोषणा की। विशेष अतिथि पूर्व विधायक दुर्ग ग्रामीण प्रतीमा चन्द्राकर, आशा विक्की मिश्रा जिला पंचायत सदस्य, अध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय निकुम सुरेश छोटू साहू, अध्यक्ष गुमेंद्र यादव सर्किल अध्यक्ष सर्किल खाड़ा, क्षेत्रीय जनपद सदस्य दामिनी साहू, ग्राम पंचायत भोथली सरपंच लेमिन खुटेल, मुकेश बेलचंदन, ग्राम पंचायत आमटी नवनिर्वाचित सरपंच दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी, नन्द कुमार साहू, तारा शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम में बोधन राम यादव जिला अध्यक्ष दुर्ग जिला कोसरिया यादव महासभा, क्षेत्रीय जनपद सदस्य, ग्राम पंचायत भोथली सरपंच उपाध्यक्ष भोजराम यादव महामंत्री प्रहलाद यादव, उमेद यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे। मंच संचालन दिल्ली से सम्मानित खिलेन्द्र संजू यादव ने किया।

### प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

कार्यक्रम के दौरान यादव समाज के प्रतिभावान बेटों व बेटियों को प्रतीक चिन्ह और श्रीफल देकर भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंडा क्षेत्र के पत्रकार संजय कुमार साहू को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। इस कार्यक्रम में सभी अतिथियों को खुमरी पहनाकर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 पर नरेश ने 1736 वोटों से दर्ज की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर



जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 से नरेश मदन साहू ने ऐतिहासिक रूप से 1736 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। नरेश साहू ने प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव दिग्गज कांग्रेस नेता तुकाराम साहू को हराया है। जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 के चुनाव पर सब की नजर थी, यह क्षेत्र पूर्व विधायकों स्व. मदन साहू एवं पूर्व विधायक कुमारी बाई साहू का क्षेत्र है। नरेश साहू स्व. मदन साहू एवं पूर्व विधायक कुमारी बाई साहू के पुत्र है। चुनाव हालांकि जनपद सदस्य पद के लिए था, लेकिन दो पूर्व विधायकों का बेटा होने के कारण इस क्षेत्र में विपक्षी कांग्रेस नेताओं का जमावड़ा रहा, नरेश के विपक्ष में कांग्रेस के दिग्गज नेता तुकाराम के होने के कारण भी यह चुनाव बड़ी प्रतिष्ठा का बन गया था। यह चुनाव विपक्ष के साथ भाजपा के नेताओं के लिए भी आकर्षण का केन्द्र था, क्योंकि नरेश साहू का यह पहला चुनाव है।

### विवाद व तनाव के कारण रोकी गई मतगणना

अपने पहले ही चुनाव मे नरेश साहू ने जनपद क्षेत्र के सभी पंचायतों में बढ़त बनाई। यह क्षेत्र कितना हाई प्रोफाईल था, यह इसी बात से समझा जा सकता है कि मतदान के दौरान सुबह से ही खासी भीड़ रही। यहां चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ, लेकिन मतगणना आरंभ होते ही तनाव चरम पर पहुंच गया। मतगणना आरंभ होते ही तनाव एवं विवाद के कारण मतगणना का कार्य रोकना पड़ा एवं आला अधिकारियों को पहुंचकर स्थिति को सम्हालना पड़ा। तब जाकर मतगणना शांतिपूर्ण संपन्न हुई।



## नवनियुक्त सरपंच ने जताया आभार

डौंडीलोहारा। विकासखंड मुख्यालय के समीप स्थित ग्राम पंचायत धनगांव के नवनिर्वाचित सरपंच रघुवीर सिंह पटेल एवं पंचों तथा बड़गांव निवासी जनपद सदस्य ज्ञान सिंह राजपूत विजय जुलूस निकालकर मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

# ग्राम कुथरेल में दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज ने निकाली भव्य कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

ग्राम कुथरेल में दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा छत्रपति शिवाजी जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें समाज की सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर पूरे गांव का भ्रमण किया। बाजे-गाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा पूरे गांव में शिवाजी जयंती समारोह का संदेश देते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। इस अवसर पर सभी सामाजिकगणों ने छत्रपति शिवाजी महाराज की पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे, विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा पूर्व जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन नवनिर्वाचित जनपद सदस्य लोमस चंद्राकर ग्राम पंचायत कुथरेल की नवनिर्वाचित सरपंच गीता गजपाल चिंगरी सर्किल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रमेश कुमार देशमुख एवं नवनिर्वाचित सचिव कांति देशमुख विशेष रूप से उपस्थित रहे।

- छत्रपति शिवाजी जयंती समारोह में विधायक ललित चंद्राकर हुए शामिल






कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि कुर्मी समाज को एक धागे में पिरोना का काम शिवाजी जयंती समारोह के माध्यम से हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब प्रत्येक गांव में शिवाजी महाराज की जयंती मनाई जा रही है, जो कुर्मी समाज के लिए एक गौरवशाली पहल है। उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज की जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन उमेश चंद देशमुख एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन दुष्यंत देशमुख ने किया। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष गोविंद देशमुख उपाध्यक्ष लोकेश देशमुख सचिव डायमंड देशमुख कोषाध्यक्ष खोमेन्द्र देशमुख सहसचिव युवराज देशमुख एवं सलाहकार गुमान देशमुख, राजेन्द्र देशमुख, चुम्मन दिल्लीवार, बिरेंद्र देशमुख, शोभाराम देशमुख, गोकुल देशमुख, अशोक देशमुख महिला अध्यक्ष शैलेंद्री देशमुख ललिता देशमुख के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### बुजुर्ग सलाहकारों का किया गया सम्मान

कार्यक्रम के दौरान गांव के बुजुर्ग सलाहकारों का स्वागत और सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी भाग लिया, जिसमें सुआ नृत्य ने लोगों का मन मोह लिया। साथ ही महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़ का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

## शांतिपूर्ण व सफलतापूर्वक चुनाव के लिए कलेक्टर ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



बालोद जिले में नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के सभी नागरिकों, राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों, सुरक्षा बलों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने कहा कि सभी के सहयोग से नगरीय निकायों के आम निर्वाचन और त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि सभी रिटर्निंग अधिकारी, एसडीएम, जनपद पंचायत के सीईओ, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, मास्टर ट्रेनर्स सहित मतदान कार्य में लगे अधिकारी कर्मचारी सभी ने टीम भावना से जवाबदारीपूर्वक निर्वाचन कार्य में भागीदारी दी। उन्होंने कहा कि जिले के मतदाताओं ने मतदान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और शांतिपूर्ण मतदान कराने में भी सहयोग दिया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में पूर्ण सहयोग मिला। मीडिया प्रतिनिधियों ने निर्वाचन में महत्वपूर्ण सहभागिता निभाई। कलेक्टर चन्द्रवाल ने शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन के जवानों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में लगे जिले के सभी अधिकारियों–कर्मचारियों ने पूरी निष्ठा और लगन के साथ निर्वाचन कार्य पूरा किया।

## छात्राएं सीख रही हैं आत्मरक्षा की तकनीक




डौंडीलोहारा। नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राएं रानी लक्ष्मीबाई आत्म सुरक्षा योजना के तहत प्रशिक्षण ले रही हैं। प्रभारी प्राचार्य प्रदीप मेश्राम की उपस्थिति में छात्राओं को नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शासन की योजना के तहत छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने तथा सुरक्षा की दृष्टिकोण से उन्हें जूडो-कराते का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके लिए सिपाली नेताम प्रशिक्षक का चयन जिला स्तर पर कलेक्टर द्वारा किया गया है। प्रशिक्षक द्वारा बच्चों को किस प्रकार विकट स्थिति में अपनी सुरक्षा की जाए, इसके लिए शारीरिक अभ्यास प्रतिदिन 30 मिनट कराया जाता है। महिला व्याख्याता एनुका शार्वा की उपस्थिति में बच्चे नियमित अभ्यास कर रहे हैं।

## कलंगपुर चारभाठा जोगीमठ बाबा मंदिर में मेला कल



बालोद/कलंगपुर। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम कलंगपुर चारभाठा स्थित पावन धाम जय जोगीमठ बाबा मंदिर में प्रांगण में 26 फरवरी को भव्य मेला लगेगा। जहां समिति द्वारा मेला स्थल पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। पुजारी बुधेलाल मारकंडे ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन सुबह से ही मंदिर स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगती है। साथ ही बहुत से श्रद्धालुगण मन्नत पूरी होने पर मंदिर प्रांगण में कथा पूजन करवाते हैं। उन्होंने बताया कि यहां हर साल दोनों नवरात्रि पर्व पर भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना करवाई जाती है।

## कमरौद में दो दिवसीय मेला महोत्सव आज से



बालोद। ग्राम कमरौद में स्थित 5 सौ साल पुराने भू-फोड़ दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में 25 फरवरी से दो दिवसीय मेला का आयोजन किया जा रहा है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर रुद्राभिषेक किया जाएगा। सोमवार 24 फरवरी से मंदिर प्रांगण मे पूजन एवं अनुष्ठान प्रारंभ हो गया है। 25 फरवरी को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शांतिलाल राठी होंगे, अध्यक्षता सीआर साहू करेंगे। इस अवसर पर रात्रि 10 बजे भुईयां के श्रृंगार लोक नृत्य नाचा पार्टी की प्रस्तुति होगी। 26 फरवरी को मुख्य अतिथि संजय मिश्रा होंगे, अध्यक्षता आनंद राठी करेंगे। इस दिन रात्रि में सांस्कृतिक लोक कला मंच का कार्यक्रम रखा गया है।

कहा- सभी पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने का करेंगी प्रयास

# पसौद में सबसे कम उम्र की सरपंच बनीं सिमरन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाटाबोड़

गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत पसौद में सरपंच पद के लिए हुए चुनाव में 25 वर्षीया सिमरन गजभिये ने जीत दर्ज कर ब्लॉक की सबसे कम उम्र की सरपंच बन गईं। बीएड व एमकॉम करने के बाद वर्तमान में पीएचडी की तैयारी कर रही सिमरन को चुनाव में 930 वोट मिले।

उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 340 मतों से हराया, जो ग्राम पसौद के इतिहास में सबसे बड़ी जीत है। दोनों ग्रामों में किए गए मतदान को मिलाकर मतदान का प्रतिशत 79 रहा। इसी तरह ग्राम पंचायत के वार्ड क्रमांक 1 में विनदेश्वरी साहू निर्विरोध पंच चुनी गईं। वहीं, 2 से केशवदास



साहू निर्विरोध, 3 से जागृतदास साहू 20 मतों से जीते, 4 से अनुपाबाई यदु निर्विरोध, 5 से सरिताबाई निर्मलकर निर्विरोध, 6 से केशराम (मोनू) निर्मलकर 19 मतों से जीते, 7 से कामता प्रसाद साहू 24 मतों से जीते, 8 से कामिनबाई साहू 48 मतों से जीतीं, 9 से तुलसी पटेल निर्विरोध तथा वार्ड क्रमांक 10 से राकेश साहू ने 19 मतों से जीत हासिल की। इसी तरह वार्ड क्रमांक 11 से चन्द्रिका निषाद 2 मतों से, 12 से निर्मला साहू निर्विरोध, 13 से नारायणी साहू निर्विरोध चुनी गईं। वहीं, आश्रित ग्राम ढाबाडीह में वार्ड क्रमांक 14 से पूरणलाल साहू 19 मतों से जीते, 15 से प्रतिभा साहू 16 मतों से जीतीं, 16 से नेमीनबाई निर्विरोध, 17 से डिगेश तारम निर्विरोध, 18 से सुखदेव साहू व 19 से मंजू ठाकुर निर्विरोध तथा वार्ड क्रमांक 20 से रूपराम साहू 22 मतों से विजयी रहे।

### मतदाताओं का जताया आभार

चुनाव परिणाम के दूसरे दिन 24 फरवरी को सुबह से ही जीत की बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। जीत के बाद गांव में विजय रैली निकाली गई। इस दौरान नवनिर्वाचित सरपंच सिमरन ने बड़ों का आशीर्वाद लिया और जीत के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही भरोसा दिलाया कि पंचायत के हर व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा। गांव के विकास के लिए हरसंभव प्रयासरत रहेंगी। रैली में सुरेन्द्र ठाकुर, हरिराम साहू, टीकम साहू, पूर्णानन्द साहू, थालेश्वर साहू, दीनदयाल निषाद, द्वारिका साहू पूर्व सरपंच सुशीला साहू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### दो दिवसीय महाशिवरात्रि महापर्व आज से

**बालोद।** भोलापठार परेंगुडा में महाशिवरात्रि महापर्व का आयोजन 25 एवं 26 फरवरी को किया गया है। कार्यक्रम 25 फरवरी को दोपहर 02 बजे से अखंड शिव मंत्र जाप के साथ प्रारंभ होगा। उसके बाद पूर्णहुति हवन महाआरती एवं महाप्रसादी वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम में श्री राधे रसिका हरिसंकीर्तन मानस परिवार छेड़िया (भरदा) समय 02 बजे से होगा उसके बाद त्रिपुरारी मानस मंडली परेंगुडा की प्रस्तुति 03 बजे से होगी।

### फाईलेरिया उन्मूलन को लेकर मीडिया के लिए कार्यशाला आज

**बालोद।** राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में 27 फरवरी से 13 मार्च तक सामूहिक दवा सेवन अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि समाचार पत्र, इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट मिडिया एवं अन्य के माध्यम से लोगों में जन जागरूकता के लिए मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन 25 फरवरी को खण्ड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के पीछे मितानिन भवन में शाम 04 से 05 बजे तक आयोजित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सभी मीडिया प्रतिनिधियों से इस कार्यशाला में उपस्थित होने की अपील की गई है।

### विवाह से सप्ताहभर पहले युवक ने खुद को लगाई आग

**बालोद।** ग्राम टेंगनाबरपारा में अपनी शादी से एक सप्ताह पहले एक युवक ने अपने ऊपर केरोसिन डालकर आत्मदाह की बड़ी कोशिश की है। इससे युवक 70 प्रतिशत झुलस गया है। घटना रविवार की देर शाम बताई जा रही है। घटना के बाद युवक को परिजनों द्वारा धमतरी के जिला अस्पताल ले जाया गया। युवक की स्थिति को देखते हुए रायपुर के मेकाहारा अस्पताल में रिफर किया गया जहां इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार तरूण विश्वकर्मा 28 वर्ष की शादी एक सप्ताह बाद होने वाली थी, जिसका कार्ड छपवाकर बांटा जा चुका है। युवक ने आत्मदाह जैसा बड़ा कदम क्यों उठाया यह जांच का विषय है।

### बाइक को हाईवा ने मारी टक्कर, चालक की मौत

**बालोद।** शादी कार्यक्रम से वापस लौट रहे बाइक चालक को हाईवा ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के बेटे की रिपोर्ट पर डौंडीलोहारा थाने में हाईवा चालक के खिलाफ धारा 106(1), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। ग्राम बुंदेली निवासी सचिन नायक ने बताया कि मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 डीएफ 5464 में पिता पालीराम नायक के साथ 20 फरवरी को शादी कार्यक्रम में ग्राम राणाटोला (गोटाटोला) गए थे। जहां से 22 फरवरी को वापस बुंदेली आ रहा था, डौण्डीलोहारा में मस्जिद चौक के पास पहुंचा था तभी पीछे से आ रहे हाईवा क्रमांक सीजी 24 वी 8883 ने ठोकर मार दी। इससे वह नीचे गिर गया, जिससे हाईवा के चक्का चढने से पीठ, सीना में गहरा चोट लगने से मौके पर ही मृत्यु हो गई।

## प्रवचन : काल भैरव देऊर मंदिर प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा जारी

# भगवान भक्त को वही देते हैं, जो उसके लिए श्रेष्ठकर होता है : पंडित ज्ञानेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



दुनिया जगत को प्रसन्न करने में लगी है, यदि जीव जगतेश्वर को प्रसन्न कर ले, तो दुनिया स्वतः ही प्रसन्नचित्त लगने लगेगी। भगवत कथा का आश्रय ले ले, किसी के आश्रय में जाना नहीं पड़ेगा। जिसने ठाकुर रस पी लिया, उसे जगत का कोई भी रस रास नहीं आएगा।

■ भगवान से धन नहीं, उनके चरणों में स्थान मांगें

उक्त बातें काल भैरव देऊर मंदिर प्रांगण में आयोजित भागवत कथा के दौरान व्यास पीठ से पंडित ज्ञानेश्वर प्रसाद पाण्डेय ने कही। उन्होंने भक्त प्रहलाद की कथा सुनाते हुए कहा कि जिस घर में एक व्यक्ति भी धर्म के मार्ग पर चलता है, उसका परिवार परमात्मा की शरण में पहुंच जाता है। जैसे हिरण्यकश्यप जैसे राक्षस को भी भगवान ने अपनी गोद में लिटाकर मारा, वहीं, भक्त प्रहलाद का पिता होने के कारण हिरण्यकश्यप को भगवान की गोद में जगह मिली।

पंडित ज्ञानेश्वर प्रसाद ने कहा कि भगवान ने प्रत्येक जीव को उनके उनके प्रारब्ध के अनुरूप देने की व्यवस्था का रखी है। भगवान भक्त को वही देते हैं, जो उसके लिए श्रेष्ठकर होता है। भगवान से धन दौलत नहीं, उनके चरणों में स्थान की प्राप्ति की कामना करो। यश वैभव सब तुच्छ लगने लगेगा।

### लक्ष्मी ठहरती वहीं है, जहां धर्म के अनुरुप आचरण होता है



उन्होंने कहा कि जीव लक्ष्मी की प्राप्त किसी भी तरीके से कर सकता है, लेकिन लक्ष्मी ठहरती वहीं है, जहां धर्म के अनुरुप आचरण होता है। लक्ष्मी का सुख उसी को मिलता है, जो लक्ष्मी को धर्म के मार्ग में लगाता है।

## जीव जब स्वयं को शिव में समर्पित कर देता है, तभी दोनों का मिलन होता है

**डौंडीलोहारा।** ग्राम कामता में पांच दिवसीय रामचरित मानस का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तीसरे दिन उपाध्यायपुर उत्तर प्रदेश के भागवताचार्य एवं राम कथा वाचक कृपा शंकर मिश्र ने व्यास पीठ पर विराजमान होकर राम कथा की व्याख्या करते हुए कहा कि जीव जब शिव की ओर सम्मुख हो जाता है, अपने आपको समर्पण कर देता है, तो जीव और शिव का मिलन होता है। भक्त और भगवान की चर्चा करते हुए कहा कि एक बार जब कुम्हार की पत्नी घड़े को पकाने के लिए इकट्ठा करके रखी थी, तो उस कच्चे मिट्टी के घड़े में बिल्ली का बच्चा घुस गया था। घड़े को पकाने के लिए आग जलाई जा चुकी थी। भगवान नारायण की स्तुति से जिस घड़े में बिल्ली का बच्चा घुसा था उस घड़े को आग गर्म तक नहीं कर पाया। सारे घड़े आग से पक चुके थे और एक घड़े से बिल्ली का बच्चा उछलते कूदते बाहर आया। ये भगवान की असीम कृपा है। भक्ति हमेशा जनकल्याण के लिए होना चाहिए। गोस्वामी तुलसीदास जी को उनकी धर्म पत्नी रत्नावली ने ज्ञान देकर प्रभु के चरणों में समर्पित कर दिया। एक स्त्री ऐसी होती है जो अपने पति को आंख से ओझल नहीं होने देती है और एक पत्नी रत्नावली ने गोस्वामी तुलसीदास को भगवान श्रीराम के चरणों में समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि हर माता को धर्ममय जीवन यापन करते हुए सभी का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए, इसी में आनंद है।





### रामचरित मानस मनुष्य जीवन के लिए एक अमूल्य मार्गदर्शक है

पंडित कृपा शंकर मिश्र ने रामचरित मानस को मनुष्य जीवन के लिए एक अमूल्य मार्गदर्शक बताते हुए कहा है कि यह हमें सदाचार, कर्म, कर्तव्य, मर्यादा, भक्ति, विश्वास, सत्य और न्याय जैसे मूल्यों का पालन करने की प्रेरणा देती है। रामायण के आदर्श चरित्र और शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और हमें एक बेहतर जीवन जीने में सहायता करती हैं। रामचरित मानस से हमें सीख लेना चाहिए कि जीवन में परिस्थितियाँ कितनी भी खराब क्यों न हों, अच्छाई हमेशा बुराई पर विजय पाती है। हर परिस्थिति में ईश्वर का स्मरण करते हुए जीवन यापन करें, आपका कल्याण ही होगा।

### बोहारडीह में 85 की उम्र में जोहरीन ने किया मतदान



**गुरूर।** अपने ग्राम बोहारडीह में ग्राम का भविष्य बनाने ग्रामीणों में उत्साह रहा। बुजर्ग भी व्हीलचेयर पर मतदान करने पहुंचे। ग्राम की 85 साल की जोहरीन बाई ने भी मतदान किया। अन्य मतदाताओं ने उन्हें व्हीलचेयर से मतदान केन्द्र तक पहुंचाया। वहां से वे अकेले ही मतदान करने केन्द्र के अंदर गई।

## ग्राम पंचायत ओरमा में सरपंच मंजुलता ने शपथ ग्रहण से पहले ही दिखाई सक्रियता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



ओरमा ग्राम पंचायत में चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद नवनिर्वाचित सरपंच मंजुलता परस साहू शपथ ग्रहण से पहले ही गांव में सक्रिय हो गई हैं। चुनाव जीतने के 24 घंटे बाद गांव में स्ट्रीट लाइट लगवाया है। ग्राम ओरमा में स्थित तालाब की साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है। ग्राम ओरमा में स्वच्छता अभियान चलाया और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने का कार्य किया। उनके इस अभियान में स्थानीय लोग भी शामिल हुए और सफाई कार्य किया गया। सरपंच मंजुलता परस साहू ने कहा कि जनता ने जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगी। उन्होंने कहा कि मेरी प्राथमिकता रहेगी कि गांव में नियमित रूप से सफाई होती रहे और सौंदर्यीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। एक जनप्रतिनिधि होने के नाते मैं अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा से निभाऊंगी। सभी ने इस पहल की सराहना की और गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सहयोग करने का संकल्प लिया। ग्राम ओरमा के ग्रामीणों ने सरपंच की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की नियमित सफाई व्यवस्था से गांव में स्वच्छता बनी रहेगी और बीमारियों का खतरा भी कम होगा।

■ चुनाव जीतने के 24 घंटे के भीतर गांव में लगवाई स्ट्रीट लाइट

## महाशिवरात्रि महोत्सव पर नगर में शिव ध्वजारोहण कर निकाली गई शोभायात्रा



**डौण्डीलोहारा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय डौंडीलोहारा के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय सेवा केन्द्र में महाशिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत डौंडीलोहारा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम थे, अध्यक्षता ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी, प्रभारी ब्रह्माकुमारीज डौंडीलोहारा ने की। विशिष्ट अतिथि नवनिर्वाचित पार्षद राकेश सांखला, ममता शर्मा, शिवानी भंसाली, नेहा उपाध्याय, ममता यादव थे। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, शिव ध्वजारोहण किया गया।

■ प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय डौंडीलोहारा द्वारा किया गया आयोजन

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी ने महाशिवरात्रि महोत्सव के आध्यात्मिक रहस्य को बताया कि वर्तमान समय समाज में चारों ओर दुराचार, पापाचार, भ्रष्टाचार, हिंसा आदि का बोलबाला है।मानव जीवन में चरित्र की गिरावट के कारण दुःख अशांति अपनी चरम सीमा पर है। मनुष्य अज्ञान रूपी रात्रि में सोया हुआ है। ऐसे समय पर परमपिता परमात्मा शिव एक साधारण मानव प्रजापिता ब्रह्मा के तन में प्रवेश कर ईश्वरीय संदेश दे रहे हैं कि आप इस शरीर में एक चैतन्य, अजर अमर, अविनाशी आत्मा हो। आत्मा के नाते परम पिता परमात्मा की संतान हो। परमात्मा का संदेश है कि तुम अपने आप को एवं ज्योतिर्बिंदु स्वरूप परमात्मा को पहचान कर, उसे बहुत प्यार से याद करेंगे, तो परमात्मा हमें सब पापों से मुक्त कर देंगे और हमें स्थायी सुख शांति की प्राप्ति होगी। सभा को सभी अतिथियों ने संबोधित किया।

### नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों का किया गया सम्मान

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज द्वारा नगर पंचायत डौंडीलोहारा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपस्थित पार्षदों का ईश्वरीय सौगात एवं टोली भेंटकर सम्मानित किया गया। संस्था के बच्चों द्वारा नृत्य, नाटक प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर नगर में साउण्ड सिस्टम के साथ भव्य शिव रथयात्रा, कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें शिव परिवार की चैतन्य झांकी प्रदर्शित की गई। अतिथियों ने शिव ध्वज लहराकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। ब्रह्माकुमारी भारती बहन ने कार्यक्रम का संचालन किया। ब्रह्माकुमारीज परिवार द्वारा प्रातः 5 बजे नगर में राम मंदिर तक प्रभातफेरी निकाली गई।

### फागुनदाह में परिणाम जानने डटे रहे ग्रामीण



**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह में सुबह से ही मतदान के लिए ग्रामीण पहुंचने लगे थे। दोपहर तीन बजे के बाद मतगणना प्रारंभ होने के समय तक ग्रामीण मतदान केन्द्र के आसपास एकत्रित रहे एवं देर शाम तक परिणाम जानने की उत्सुकता के साथ मतदान स्थल के बाहर खड़े रहे।

### कोलिहामार में परिणाम जानने देर रात तक डटे रहे ग्रामीण



**गुरूर।** ग्राम पंचायत कोलिहामार में तीन मतदान केन्द्र बनाए गए थे। तीनों में ही प्रातः से लंबी कतार लगी रही। अपने ग्राम की सरकार चुनने ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह था। यहां देर रात तक ग्रामीण चुनाव परिणाम जानने डटे रहे।

### चुनाव के बाद मतदान दलों की हुई वापसी




**गुरूर।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत रविवार को बालोद जिले के गुण्डरदेही और गुरुर विकासखंड के ग्राम पंचायतों में मतदान शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उसके पश्चात मतदान दल, सामग्री वापसी केंद्र में पहुंच रहे हैं। सकुशल वापस लौटने पर मतदान दलों का स्वागत किया जा रहा है।

### सिवनी में सुनीता ने जीता सरपंच चुनाव, निकाली विजय रैली



**डौंडीलोहारा।** ब्लाक अंतर्गत समीप के ग्राम पंचायत सिवनी में सरपंच चुनाव में सुनीता बाई नेतराम तारम के विजय होने पर ग्रामवासियों ने ग्राम में रैली निकालकर बाजे गाजे के साथ जश्न मनाया। उन्होंने अपने से बड़ों का आशीर्वाद लिया तथा ग्रामवासियों ने गुलाल लगाकर व पुष्प माला से स्वागत सत्कार किया। इस अवसर पर सिवनी सहित आश्रित ग्राम कामता व भालूकोन्हा के ग्रामीण एकत्रित थे। निर्वाचित सरपंच ने सभी मतदाताओं का आभार जताया। वहीं, सभी पंचों को जीत की बधाई दी व विकास कार्य करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर बृजलाल कोसमा, रामलाल कुमेटी, भेखलाल ठाकुर, पुनिया आमदो, पुष्पा गौर, सुखचंद गांवरे, नसीब राम, हरेंद्र, सियाराम दुग्गा, अशोक कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। विदित हो कि इसके पूर्व उनके पति नेतराम तारम सरपंच पद का दायित्व निभा चुके हैं।

### ग्राम पंचायत परसदा की सरपंच बनीं सत्यवती



**अंडा।** गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम परसदा (डंगनिया) सत्यवती साहू ने सरपंच पद पर 97 वोट से जीत हासिल की है। यहां कुल 1451 मतदान थे, जिनमें से 1209 ने वोट डाले। यहां पवन साहू 60 वर्ष ने बैसाखी के सहारे मतदान केंद्र पहुंचकर वोट डाला। इसी तरह लगनी बाई देशमुख वार्ड क्रमांक 03 के 80 वर्ष के महिला व्हीलचेयर से मतदान करने पहुंचीं। पंच सरस्वती साहू, तेजेश्वर साहू, भागवती साहू, अनुसुइया साहू, लता यादव, भीषम ठाकुर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पीएलओ हिना टंडन, गायत्री साहू, ग्रामीण उदय साहू व नागेश्वर ने बताया कि हमारे गांव में पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण हुआ। सत्यवती साहू के सरपंच बनने पर ग्रामीणों ने हर्ष जताया। गांव वालों ने डीजे और गाड़ा बाजा के साथ नवनिर्वाचित सरपंच का स्वागत किया। इस दौरान सरपंच ने बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया।











आवश्यकता है

CBSE AFFILIATION NO. 3330248

| | | | |
|---|---|---|---|
| ड्राईवर | 04 | प्लम्बर | 01 |
| कंडक्टर | 04 | इलेक्ट्रीशियन | 01 |
| कुक | 02 | डाटा एन्ट्री ऑपरेटर | 01 |
| किचन हेल्पर | 03 | चपरासी (प्यून) | 01 |
| मेस सर्विस स्टॉफ | 07 | सिक्यूरिटी गार्ड | 04 |
| हाउस कीपिंग स्टॉफ | 06 | सिक्यूरिटी सुपरवाईजर | 01 |
| स्वीपर | 03 | हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग इंजीनियर | 01 |
| वार्ड बॉय फॉर हॉस्टल | 04 | नर्स | 01 |
| वार्ड गर्ल फॉर हॉस्टल | 04 | धोबी | 04 |

इच्छुक आवेदक कार्यालय में प्रातः 10 से दोपहर 03 बजे तक बायोडाटा के साथ संपर्क करें

जे.पी. इंटरनेशनल स्कूल
सरंगपाल, कांकेर, मो.: 9109969303